## गुस्ताखी माफ

जगह-जगह लेटे-पड़े, जाती गलत इमेज।
अस्पताल ढूंढ़े निजी, वहां दीजिए भेज।
वहां दीजिए भेज, वही इनको पालेंगे।
देंगे जो भी डाल, वही टुकड़े खा लेंगे।
कह साहिल कविराय, लगें सुंदर सरकारी।
कुत्ते पाले बहुत, निजी की अब है बारी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 111 | SATURDAY 02-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER    Visit at : www.uturntime.com

# पंजाब विधानसभा में विश्वासमत पेश, CM Bhagwant Mann बोले-सरकार पूरी तरह सुरक्षित, विपक्ष के आरोप बेबुनियाद



चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री **Bhagwant Mann** ने विश्वासमत पेश कर अपनी सरकार के बहुमत को लेकर उठ रहे सवालों पर विराम लगाने की कोशिश की। सदन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अफवाहों का बाजार गर्म है और आम आदमी पार्टी के विधायकों के टूटने की बातें पूरी तरह भ्रामक हैं। उन्होंने दावा किया कि 88 विधायकों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार पर पूरा भरोसा जताया है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके विधायकों के संपर्क में होने के दावे निराधार हैं। उन्होंने **Sunil Jakhar, Captain Amarinder Singh** और **Manpreet Badal** जैसे नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये दावे सिर्फ भ्रम फैलाने के लिए किए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विश्वासमत पास होने के बाद सरकार को कम से कम छह महीने तक स्थिरता मिल सकती है।

वहीं विपक्षी दलों, खासकर **Bharatiya Janata Party** के नेताओं का कहना है कि 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले यह कदम रणनीतिक है, ताकि संभावित टूट या अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में सरकार को बार-बार फ्लोर टेस्ट का सामना न करना पड़े। **Indian National Congress** पहले ही दावा कर चुकी है कि बड़ी संख्या में विधायक दल बदल सकते हैं।

कैबिनेट मंत्री **Sanjeev Arora** ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि चार वर्षों में वह काम किए गए हैं जो 70 साल में नहीं हुए। उन्होंने मुफ्त बिजली, भ्रष्टाचार पर लगाम और लंबित कार्यों के निपटारे को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चे आज जेईई मेन्स जैसे परीक्षा में सफलता हासिल कर रहे हैं, जिनमें मजदूर परिवारों के बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही गरीब परिवारों की स्थिति बदल सकती है।

सत्र के दौरान विपक्ष के नेता **Pratap Singh Bajwa** द्वारा विधायकों के डोप टेस्ट की मांग को स्पीकर ने खारिज कर दिया। बाजवा ने इस संबंध में पत्र लिखकर मुख्यमंत्री के आचरण पर सवाल उठाए थे।

इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री **Amit Shah** के हर महीने पंजाब दौरे के ऐलान ने भी सियासी हलचल बढ़ा दी है। भाजपा इसे संगठन मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, जबकि विपक्ष इसे आने वाले समय में राजनीतिक दबाव बढ़ाने की रणनीति के रूप में देख रहा है। कुल मिलाकर, विश्वासमत के जरिए सत्ता पक्ष ने अपनी स्थिति मजबूत दिखाने का प्रयास किया है, लेकिन विपक्ष के तेवर संकेत दे रहे हैं कि आने वाले समय में पंजाब की राजनीति और अधिक गरमाने वाली है।

# पंजाब में बढ़ रही राजनीतिक अस्थिरता: Nayab Singh Saini, बोले-बीजेपी सरकार बनी तो बनाएंगे 'विकसित पंजाब'



चंडीगढ़/मंडी गोबिंदगढ़/यूटर्न/01 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री **Nayab Singh Saini** ने पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य आज अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता, स्थिरता और जनहित के बीच संघर्ष स्पष्ट दिखाई दे रहा है और पंजाब को एक मजबूत व निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है। मंडी गोबिंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि अगर **Bharatiya Janata Party** की सरकार पंजाब में बनती है तो प्रधानमंत्री **Narendra Modi** के 'विकसित भारत' के संकल्प की तर्ज पर 'विकसित पंजाब' का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने मंडी गोबिंदगढ़ को 'स्टील टाउन' बताते हुए कहा कि यहां के उद्योग आज महंगी बिजली और नीतिगत अस्थिरता के कारण संकट में हैं, जिससे हजारों मजदूरों के सामने रोजगार का खतरा खड़ा हो गया है।



# पंजाब विधानसभा का ऐतिहासिक फैसला: मजदूरी में 15% वृद्धि

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। पंजाब के मुख्यमंत्री Bhagwant Singh Mann ने मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक वर्ग को बड़ा तोहफा देते हुए न्यूनतम दैनिक मजदूरी में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान किया। यह फैसला पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी रजिस्टर्ड श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में न्यूनतम मजदूरी की बेस दर में यह पहली बढ़ोतरी करीब 13 साल बाद हुई है। मुख्यमंत्री ने इसे श्रमिकों के योगदान के प्रति सच्चा सम्मान बताते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित इस फैसले से मजदूरों को महंगाई के दबाव से राहत मिलेगी और



उनकी आय सुरक्षा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें श्रमिकों की पीड़ा को समझने में नाकाम रहीं, जबकि मौजूदा सरकार ने उनके हितों को प्राथमिकता दी है। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही मजदूरों के बच्चों की जिंदगी बदल सकती है। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में सुधारों के चलते बड़ी संख्या में श्रमिक परिवारों के बच्चे अब प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं, जो सामाजिक बदलाव का संकेत है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने विशेष सत्र से कांग्रेस के वाकआउट को मजदूर विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है और भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रहेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ह्यजागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट-2026 के पारित होने पर 6 से 9 मई तक श्री आनंदपुर साहिब से शुरू होने वाली ह्यशुक्राना यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रमुख तख्तों और गुरुद्वारों में मत्था टेककर धन्यवाद अर्पित किया जाएगा।

# डॉ. सुभाष शर्मा ने एनएफएल नंगल संयंत्र के विस्तार की मांग उठाई, केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा से की मुलाकात



चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। पंजाब भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा ने आज केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर नंगल स्थित नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) संयंत्र के विस्तार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। मुलाकात के दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि एनएफएल नंगल इकाई देश के सबसे पुराने उर्वरक संयंत्रों में से एक है और इसमें विस्तार व आधुनिकीकरण की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने जोर दिया कि संयंत्र को सशक्त बनाने से कृषि क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक के बाद डॉ. शर्मा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और नंगल संयंत्र के विस्तार के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा नंगल का एनएफएल संयंत्र किसानों को सहारा देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाता रहा है, विशेषकर हरित क्रांति के दौरान। अपनी उम्र के बावजूद यह उत्तर भारत में उर्वरक आपूर्ति के लिए आज भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संयंत्र के विस्तार और आधुनिकीकरण की पर्याप्त गुंजाइश है। इसकी क्षमता बढ़ाने से पंजाब और पड़ोसी राज्यों के किसानों को, खासकर कृषि के चरम मौसम में, उर्वरकों की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। डॉ. शर्मा ने यह भी कहा कि संयंत्र के विस्तार से न केवल कृषि ढांचा मजबूत होगा, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। क्षेत्र को सतत औद्योगिक विकास की आवश्यकता है। एनएफएल संयंत्र के पुनर्जीवन और विस्तार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे, जिससे स्थानीय परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। संयंत्र की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पुरानी अवसंरचना और सीमित क्षमता के कारण यह इकाई अपनी पूरी क्षमता से कम पर संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के समयबद्ध हस्तक्षेप से इसे एक आधुनिक और दक्ष उत्पादन केंद्र में बदला जा सकता है। 'तकनीकी उन्नयन और नीतिगत सहयोग के साथ नंगल इकाई एक बार फिर देश के उर्वरक उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में अहम भूमिका निभा सकती है,' उन्होंने कहा, डॉ. शर्मा ने दोहराया कि वह इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष लगातार उठाते रहेंगे ताकि प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लिया जा सके।

# नमो भारत RRTS प्रोजेक्ट से गुरुग्राम से नोएडा 40 मिनट में, फरीदाबाद 20 मिनट में

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को जबरदस्त बढ़ावा देते हुए, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत RRTS कॉरिडोर के लिए फाइनल अलाइनमेंट को मंजूरी दे दी है। उम्मीद है कि 15,000 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट नेशनल कैपिटल रीजन (NCR) में सफर के समय को काफी कम कर देगा, जिससे घंटों का सफर सिमटकर कुछ ही मिनटों का रह जाएगा। गुरुग्राम से नोएडा का सफर, जो अभी सड़क मार्ग से 1.5-2 घंटे का है, घटकर सिर्फ.38-40 मिनट का रह जाएगा। गुरुग्राम से फरीदाबाद का सफर भी काफी तेज होगा और अभी के एक घंटे से ज्यादा के समय के बजाय सिर्फ.20 मिनट में पूरा हो जाएगा। 180 km/h तक की रफ़्तार से



चलने वाली और हर पाँच से सात मिनट में उपलब्ध होने वाली ट्रेनों के साथ, यह कॉरिडोर दिल्ली की भीड़भाड़ वाली सड़कों को बाईपास कर देगा, जिससे रोजाना सफर करने वाले लाखों लोगों को एक सीधा और तेज रफ़्तार वाला रास्ता मिलेगा।

64 km लंबे इस कॉरिडोर (जिसमें से 52 km हरियाणा में है) में 18 स्टेशन होंगे और यह एक हाइब्रिड 'RRTS-कम-मेट्रो' सिस्टम के तौर पर काम करेगा।

## रूट की मुख्य बातें

गुरुग्राम हिस्सा (14.5 km): IFFCO चौक से शुरू होकर मिलेनियम सिटी सेंटर, सेक्टर 52 और ग्वाल पहाड़ी को जोड़ता है।

फरीदाबाद हिस्सा (16 km): सैनिक कॉलोनी, NIT और Bata चौक से गुजरता हुआ बादशाहपुर के पास खत्म होता है।

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा लिंक:** सेक्टर 142/168 बेल्ट (FNG एंट्री पॉइंट) के रास्ते नोएडा में प्रवेश करता है और सूरजपुर जंक्शन पर खत्म होता है। उम्मीद है कि इसका निर्माण दिसंबर 2026 तक शुरू हो जाएगा और यह कॉरिडोर 2031 तक चालू हो जाएगा।

# बड़ी राहत: चंडीगढ़ में पूर्व सैनिकों को 100% हाउस टैक्स माफी, नगर निगम का सर्वसम्मत फैसला

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। देश की सेवा कर चुके पूर्व सैनिकों के लिए चंडीगढ़ नगर निगम ने बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है। शुक्रवार को निगम सदन की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर पूर्व सैनिकों को उनके मकानों पर 100% हाउस टैक्स माफी देने का रास्ता साफ कर दिया गया। इस फैसले से शहर के हजारों पूर्व सैनिक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।



**अब पूरी टैक्स छूट, पहले मिलती थी 50% राहत...**नए निर्णय के तहत वे पूर्व सैनिक पात्र होंगे, जिनके नाम पर या पत्नी के साथ संयुक्त रूप से केवल एक ही रिहायशी मकान है और जो तय मानकों के भीतर आता है। अभी तक ऐसे मामलों में नगर निगम सिर्फ 50% टैक्स छूट देता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 100% कर दिया गया है।

**पंजाब-हरियाणा के बराबर सुविधा...**दरअसल, पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा में पहले से ही पूर्व सैनिकों को पूरी टैक्स छूट मिल रही थी। चंडीगढ़ में यह सुविधा आधी होने के कारण लंबे समय से असमानता की शिकायत उठ रही थी। इसी को खत्म करने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया, जिसे सभी पार्षदों ने समर्थन दिया।

**निगम के खजाने पर नहीं पड़ेगा बड़ा असर...**सदन में चर्चा के दौरान पार्षदों ने कहा कि पूर्व सैनिकों को सम्मान देना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लाभार्थियों की संख्या सीमित होने के कारण निगम के राजस्व पर इसका कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

**लंबे समय से लंबित थी मांग...**कई पूर्व सैनिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों के पार्षदों के माध्यम से यह मुद्दा उठाया था। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने के बाद पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों में खुशी की लहर है।

**सम्मान और राहत—दोनों का संदेश...**इस फैसले को पूर्व सैनिकों के सम्मान की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे जहां आर्थिक राहत मिलेगी, वहीं यह भी संदेश जाएगा कि प्रशासन अपने सैनिकों के प्रति संवेदनशील है। विशेषज्ञों का मानना है कि चंडीगढ़ के इस फैसले के बाद अन्य शहरों में भी इसी तरह की पहल देखने को मिल सकती है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 शनिवार, 02 मई 2026



पेज 06 विधानसभा के समानांतर बीजेपी की 'जन...

# गारमेंट और इंजीनियरिंग कम्पनियों के बाद अब निजी हॉस्पिटल को मिली 1200 करोड़ की ऑफर !

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/01 मई। पिछले कुछ समय से बाहरी प्रदेशों और विदेशी निवेशकों का ध्यान पंजाब के बड़े प्रॉफिटेबल बिजनेस को एक्वायर करने की और केंद्रित नजर आ रहा है। ताजा मामला विदेशी निवेशक द्वारा एक निजी हॉस्पिटल में निवेश कर बड़ा स्टेक लेने का सुर्खियों में बना हुआ है। चचाओं अनुसार विदेशी निवेशक द्वारा निजी हॉस्पिटल की करीब 1200 करोड़ रु की वैल्यूएशन लगा उसमें करीब ४०% स्टेक लेने का बात कही जा रही है। चचाओं अनुसार निवेशको द्वारा हॉस्पिटल की मैनेजमेंट में बदलाव ना करते हुए फंड कर इसे चेन ऑफ हॉस्पिटलस में तब्दील किए जाने की योजना है जिसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट को पहली किश्त भी रिलीज की जा चुकी है हलाकिन यह राशि प्रमोटर्स को जालंधर, पटियाला के अन्य चिन्हित हॉस्पिटल को अपने में शामिल करने के लिए रिलीज की गई है। ताकि भविष्य में हॉस्पिटल ब्रांड को और मजबूती देते हुए इसका बड़े स्तर पर आईपीओ लाया जा सके।




## युवा पीढ़ी की मुख्य भूमिका

बताया जा रहा है की हेल्थकेयर सेक्टर में हुई इस हॉस्पिटल डील में नामी हॉस्पिटल के युवा प्रमोटरों एवं पीढ़ी की मुख्य भूमिका रही जिन्होंने हॉस्पिटल की साख एवं ब्रांडिंग के साथ साथ अच्छी सेवाओं पर फोकस किया। यही नहीं हॉस्पिटल की मेडिकल सेवाओं को अंतराष्ट्रीय स्तर के मापदंड उपलब्ध करवाए। युवा पीढ़ी भली भांति जानती है की अंतर्राष्ट्रीय निवेशक क्वालिटी पैमानों पर कभी कोम्प्रोमाईज नहीं करते और वैल्यूएशन बाजार में साख की सबसे बड़ी वैल्यू पड़ती है।

## पहले भी हुई है ऐसी डिलें

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है अगर पिछले कुछ वर्षों पर नजर दौड़ाएं तो करीब 1 साल पहले गुजरात की एक कंपनी ने गिल गांव के समीप एक चलते हुए अस्पताल को खरीद लिया था इसी तरह लगभग 2 वर्ष पहले भारतीय कारोपोरेट घराने रिलायंस कंपनी ने लुधियाना की नामी गारमेंट कम्पनी को 3000 करोड़ की ऑफर देते हुए एक्वायर करने की कोशिश की थी यह बात और है की गारमेंट कम्पनी के प्रमोटरों ने ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया। इसके अलावा ऑटो पार्ट्स सैक्टर में कार्यरत बड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को सिंगापुर की विदेशी कंपनी से ऑफर मिला तो उन्होंने अपनी फर्म का एक बड़ा स्टेक बेचते हुए ऑफर को कैश किया जहां तक फुड इंडस्ट्री की बात है ब्रेड बनाने वाली नामी कंपनी को अंतरराष्ट्रीय कंपनी बिम्बो द्वारा खरीदा जा चुका है।

*कई मध्यम और बड़े अस्पतालो को ऑफर मिलने का दौर जारी...मार्केट में यह ट्रेंड बताया जा रहा है कि काफी संख्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां पंजाब के बड़े जिलों को फोकस कर रहे हैं इनमें लुधियाना प्रमुख रूप से शामिल है जिसके चलते दर्जनों अस्पताल हैं जिन्हें कंपनियों द्वारा ऑफर निरंतर मिल रहे हैं देखना यह है कि आने वाले दौर में पंजाब में हेल्थ केयर बिजनेस मैं क्या बदलाव आते हैं क्योंकि अभी तो जो अपने अस्पताल नहीं बेचना चाहते वह भी और जो बेचना चाहते हैं वह कंपनियों की नजर में है।*

## निवेशकों का फोकस हेल्थकेयर सेक्टर की ओर

परंतु अब बाहरी कंपनियों का सारा ध्यान हेल्थकेयर सेक्टर की ओर मुड़ चुका है क्योंकि हेल्थकेयर सेक्टर में सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा और निजी अस्पतालों के महंगे उपचार के बीच बाहरी कंपनिया एक ऐसा सेटअप बनाना चाहते हैं जिसमें मैं अपनी अस्पतालों की चेन को आगे बढ़ा सके और बाद में मार्केट में इसका आईपीओ लॉन्च किया जा सके हाल ही में लुधियाना के एक अस्पताल को 700 से 1200 करोड़ के बीच में ऑफर मिली है जिसे उसने मान लिया बताया जाता है और इसकी एक किस्त भी ऑफर देने वाली कंपनी से हासिल कर ली है। इसके अलावा कई बड़े अस्पताल भी पंजाब में शिफ्ट हो रहे हैं अथवा नए अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है इसका कारण यह बताया जाता है कि पंजाब में लोगों को तसल्ली बक्श हेल्थ केयर सुविधा नहीं मिलती मरीजों की संख्या को देखते हुए बाहरी जिलों अथवा प्रदेशों के अस्पताल यहां आकर अपनी ओपीडी चलाते हैं और मरीजों को अपने अस्पतालों में उपचार के नाम पर शिफ्ट कर दिया जाता है।

## कैसे अस्पतालों की होती है तलाश

हेल्थ केयर में जुटी कॉरपोरेट कंपनियां ऐसी अस्पतालों की तलाश में रहते हैं जो अपने सभी अधिकार उन्हें सौंप दे और उनके निदेर्शानुसार मरीज का उपचार करें लुधियाना पटियाला और जालंधर में अस्पतालों की एक खासी श्रृंखला होते हुए भी यह समझ जा रहा कि यहां पर काफी मरीज है जिसके चलते बाहरी अस्पताल यहां आकर अपनी ओपीडी कर रहे हैं।

# भाजपा ने लुधियाना में निकली 'महिला आक्रोश मशाल यात्रा'

## यदि बिल पारित हो जाता तो महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक मजबूत कदम होता-जय इंदर कौर




दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/01 मई। भारतीय जनता पार्टी लुधियाना व भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर शहर में ₹महिला आक्रोश मशाल यात्रा₹ का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बीबी जय इंदर कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीनू चुग विशेष रूप से शामिल हुई। भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जय इंदर कौर ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध और असुरक्षा का माहौल बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) लेकर संसद में लेकर आई थी, उसको विपक्षी पार्टियों ने इसे पास नहीं होने दिया जो सरासर गलत है और महिलाओं के खिलाफ है। एक तरफ ये महिलाओं की बात करते है और दूसरी ओर ये महिला विरोधी है।ये महत्वपूर्ण बिल को विपक्ष द्वारा पास नहीं होने दिया गया,जिससे महिलाओं को 33% मिलने वाला हक पर इन्होंने डाका डाला उसका जवाब जनता आने वाले विधानसभा चुनावों में देगी। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व महिला मोर्चा की अध्यक्ष जय इंदर कौर ने कहा कि यह मशाल यात्रा पंजाब सरकार और विपक्ष दोनों को जगाने का एक प्रयास है,ताकि महिलाओं से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए और ठोस कदम उठाए जाएं।

# ट्राइडेंट समूह पर PPCB रेड मामला : सांसद राजेंद्र गुप्ता ने किया कोर्ट का रुख






अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 1 मई। ट्राइडेंट ग्रुप पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की रेड के बाद सांसद राजेंद्र गुप्ता ने उच्च न्यायालय का रुख किया इस पर घबराए प्रदूषण को डाल बोर्ड के अधिकारी सफाई देते नजर आए कि वह ट्रिडेंट ग्रुप के परिसर में रेड करने नहीं गए थे बल्कि इंस्पेक्शन करने गए थे कब शुरू हुए राजनीतिक T20 में भाजपा की ओर से अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के संकेत मिल रहे हैं जिसे लेकर पंजाब में ब्यूरोक्रेसी में काफी हलचल है यह दौर अगर आगे बढ़ता है तो कई अधिकारियों की जान मुसीबत में फंस सकती है जो राज्य सरकार के इशारों पर कुछ भी करने को तैयार रहते हैं।



पंजाब की आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार ने पार्टी छोड़ते ही राज्यसभा सांसद राजिंदर गुप्ता के ठिकानों पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की रेड करवा दी। ट्राइडेंट कंपनी के मालिक राजिंदर गुप्ता की बरनाला स्थित फैक्ट्री में रेड हुई। वहीं लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के मालिक अशोक मित्तल के ठिकानों पर भी देर रात रेड की चर्चा रही। सांसद अब BJP जॉइन कर चुके हैं। इस कार्रवाई के खिलाफ ट्राइडेंट ग्रुप के राजिंदर गुप्ता ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई, जहां हाईकोर्ट ने मामले में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की कार्रवाई पर सोमवार तक रोक लगा दी। मामले की अगली सुनवाई अब सोमवार को होगी। रेड को लेकर AAP छोड़कर भाजपा जॉइन करने वाले राज्यसभा सांसद विक्रमजीत साहनी ने भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि जैसे ही पार्टी बदली, सरकारी विभागों ने रेड शुरू कर दी, क्या वह एक ही दिन में डिफाल्टर हो गए।

एक ही दिन में उनकी फैक्ट्रियों-सस्थानों से प्रदूषण फैलने लगा। AAP सरकार बदले की भावना से कम कर रही

# पिंजौर में अवैध पार्किंग पर सख्ती: 54 चालकों के चालान, 'नो-पार्किंग' स्टीकर भी लगाए

पंचकूला/पिंजौर/यूटर्न/01 मई। पिंजौर क्षेत्र में बिगड़ती यातायात व्यवस्था और अवैध पार्किंग की समस्या पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की है। अभियान के दौरान 54 वाहन चालकों के चालान किए गए, जो अवैध पार्किंग समेत अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। यह विशेष अभियान सूरजपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस के अनुसार, सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति पैदा हो रही थी, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अब उन वाहन चालकों के खिलाफ भी सख्त रुख अपना रही है, जो अपने वाहन सड़क किनारे खड़ा कर मौके से गायब हो जाते हैं। ऐसे मामलों में, जहां वाहन के पास चालक मौजूद नहीं मिला, पुलिस ने वाहनों के शीशों पर विशेष 'नो-पार्किंग चालान स्टीकर' चिपकाए। इन स्टीकर्स के माध्यम से वाहन मालिकों को सूचित किया गया कि नियम उल्लंघन के चलते उनका ऑनलाइन चालान किया गया है।



वहीं, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि अवैध पार्किंग न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित करती है, बल्कि एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए भी बाधा बनती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और अनुशासन विकसित करना है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर पंचकूला पुलिस की कड़ी नजर: 4 महीनों में 1664 चालान

## डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक की अपील: जल्दबाजी या शॉर्टकट के चक्कर में अपनी और दूसरों की जान को जोखिम में न डालें, निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाएं

पंचकूला/यूटर्न/01 मई। शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर पंचकूला पुलिस लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। विशेष रूप से 'रॉन्ग साइड ड्राइविंग' यानी गलत दिशा में वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए बीते चार महीनों में व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 1664 चालान किए हैं।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बनता जा रहा है। ऐसे मामलों में अक्सर सामने से आ रहे वाहनों से टक्कर होने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे गंभीर हादसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है और पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



इस संबंध में डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा: सड़क पर एक छोटी सी लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ सकती है। गलत दिशा में वाहन चलाना न केवल अवैध है, बल्कि यह खुद के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने आगे नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें, निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाएं, और जल्दबाजी या शॉर्टकट के चक्कर में अपनी और दूसरों की जान को जोखिम में न डालें। पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना है।

# चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक पुलिस का संयुक्त नाका

## ओवरस्पीड के 21 चालान, संदिग्ध वाहनों को भी रोका गया



डेराबस्सी/यूटर्न/01 मई। चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए डेराबस्सी और मुबारकपुर ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से विशेष नाका लगाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने तेज रफ्तार और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए कार्रवाई की।

ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज हरकेश कुमार ने बताया कि नाके के दौरान ओवरस्पीडिंग करने वाले 21 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा शक के आधार पर कुछ वाहनों को रोककर उनकी जांच भी की गई।

उन्होंने कहा कि हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने से हादसों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना भी पुलिस की प्राथमिकता है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और जांच के दौरान सहयोग करें, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# हरियाणा की महिला रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स में शामिल हुई

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। सिरसा ज़िले की डिंग मंडी की रहने वाली 36 साल की नेहा साहू, हरियाणा की पहली महिला बन गई हैं जो रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स में शामिल हुई हैं। यह स्थानीय समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इस क्षेत्र की लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। साहू, जो पिछले 15 सालों से ऑस्ट्रेलिया में रह रही हैं, ने अपने करियर की शुरूआत एक स्कूल टीचर के तौर पर की थी। उन्होंने एक दशक तक पढ़ाया और उसके बाद एयर फोर्स में शामिल होने के अपने सपने को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया। उनके पति, अभिनव साहू भी पिछले 14 सालों से ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स में सेवा दे रहे हैं।



नेहा साहू ने बताया कि उनके परिवार, खासकर उनकी 14 साल की बेटी और पति ने, उनके इस पूरे सफर में उन्हें बहुत ज्यादा सहयोग दिया। उन्होंने कहा, ूमैं खुद को चुनौती देना चाहती थी और लीक से हटकर कुछ अलग करना चाहती थी। तीन महीने तक चली युद्ध-क्षेत्र की कड़ी ट्रेनिंग, इस पूरे सफर का सबसे मुश्किल हिस्सा थी। वाग्गा वाग्गा सेंटर में हुई इस ट्रेनिंग में हथियारों को चलाना सीखना, कड़ी शारीरिक कसरत और परिवार से दूर रहना शामिल था। साहू, जिन्होंने अपनी शुरूआती पढ़ाई सिरसा के ऊश्श स्कूल और सतलुज स्कूल से की थी, ने शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज से साइकोलॉजी में डिग्री हासिल की। अपनी परवरिश के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं ऐसे माहौल से आती हूँ जहाँ लड़कियों से उम्मीद की जाती है कि वे अपनी शुरूआती पढ़ाई पूरी करने के बाद घर बसा लें। मेरा मानना है कि अगर लड़कियाँ बड़े सपने देखें, तो उनके लिए आसमान भी कोई सीमा नहीं है। उनके पिता, राजमल पाचर ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया। उन्होंने कहा, उसने हमारे परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसकी कड़ी मेहनत रंग लाई है।

# जालंधर सेंट्रल में फिर बदली सियासी हवा, विधायक रमन अरोड़ा को दोबारा मिली पुलिस सुरक्षा

पंजाब/यूटर्न/01 मई। जालंधर सेंट्रल की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा को दोबारा पंजाब पुलिस की सुरक्षा उपलब्ध करवा दी गई है। शुक्रवार को उनके आवास पर गनमैन और पायलट जिप्सी देखी गई, जिससे राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले विधायक अरोड़ा से सुरक्षा कर्मी और अन्य सरकारी सुविधाएं वापस ले ली गई थीं। वहीं, हाल ही में करप्शन से जुड़े मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद यह नया घटनाक्रम सामने आया है।



1 मई, लेबर डे के अवसर पर आयोजित विशेष विधानसभा सत्र में भी विधायक रमन अरोड़ा शामिल हुए थे। इसी दौरान उनके घर पर चार सुरक्षाकर्मी और पायलट जिप्सी पहुंचने की खबर आई। इस संबंध में संपर्क करने पर रमन अरोड़ा ने स्वयं सुरक्षा बहाल होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वे चंडीगढ़ में सत्र में शामिल होकर जालंधर लौट रहे हैं और उन्हें भी घर पर सुरक्षा पहुंचने की जानकारी मिली है। सुरक्षा बहाली पर प्रतिक्रिया देते हुए अरोड़ा ने इसे 'बालाजी का आशीर्वाद' बताया, जिससे राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शनिवार, 02 मई 2026



पेज 12 18 अप्रैल की वारदात में शामिल गैंगस्टर पिंकू ...

# चंडीगढ़ भाजपा कोर कमेटी की बैठक में संगठनात्मक मजबूती और नगर निगम चुनाव रणनीति पर गहन मंथन



चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज प्रदेश कार्यालय कमलम, सेक्टर 33 में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने बैठक को विशेष महत्व प्रदान किया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, पूर्व सांसद किरण खेर, संगठन महामंत्री (पंजाब एवं चंडीगढ़) मंथरी श्रीनिवासलु, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, प्रदेश महामंत्री संजीव राणा तथा पूर्व मेयर एवं पार्षद अनूप गुप्ता भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाने और संगठनात्मक ढांचे को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पार्टी के भीतर अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संगठन की मयार्दाओं और सिद्धांतों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर भी बैठक में व्यापक रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। प्रत्येक वार्ड में संगठन की सक्रियता सुनिश्चित करने, जनसंपर्क अभियान को गति देने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ जनता तक पहुंचाने की योजना तैयार की गई। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी हैं।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ जनता के बीच जाएं और पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। इस बैठक ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ प्रदेश संगठनात्मक रूप से पूरी तरह सुदृढ़ है और आगामी नगर निगम चुनावों में एक मजबूत, संगठित और विजयी रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है।

# लेबर डे पर चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान: साइकिल चालकों व पैदल यात्रियों को किया जागरूक





चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान सेक्टर 44/45-50/51 स्थित ओल्ड लेबर चौक पर आयोजित किया गया, जिसमें खास तौर पर साइकिल चालकों, पैदल यात्रियों और मजदूर वर्ग को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम डीजीपी यूटी चंडीगढ़ डॉ. सागरप्रीत हुड्डा के नेतृत्व और आईजीपी पुष्पेंद्र कुमार व एसएसपी (सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक) सुमेर प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। डीएसपी ट्रैफिक (आरएंडडी) लक्ष्य पांडे की देखरेख में अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

## 200 से अधिक लोगों को किया जागरूक

अभियान के दौरान करीब 200 लोगो जिनमें आम नागरिक, साइकिल चालक, रेहड़ी-रिक्शा चालक, पैदल यात्री और मजदूर शामिल थे लोगो को सड़क सुरक्षा नियमों और सुरक्षित यातायात व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई। खासतौर पर रात के समय और कम दृश्यता की स्थिति में सावधानी बरतने पर जोर दिया गया।

## रिफ्लेक्टिव टेप और साइकिल ट्रैक पर जोर

कार्यक्रम में साइकिल चालकों और रेहड़ी संचालकों को निर्धारित साइकिल ट्रैक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, उनकी साइकिलों और रेहड़ियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, ताकि रात के समय उनकी दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं का खतरा कम हो।

## विशेष अतिथियों की मौजूदगी

इस मौके पर पूर्व सांसद सतपाल जैन, पूर्व मेयर देवेश मोदगिल और समाजसेवी कुसुम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब चंडीगढ़ अपटाउन और कंस्ट्रक्शन वर्कर लेबर यूनियन के सहयोग से किया गया।

## ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क की प्रभारी इंस्पेक्टर डॉ. पर्वेश शर्मा और उनकी टीम ने मोटर व्हीकल एक्ट 1988 (संशोधित 2019), सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स 1989 और ड्राइविंग रेगुलेशन 2017 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि ट्रैफिक नियमों का पालन उनकी अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें और शहर को 'जीरो रोड फेटलिटी' बनाने में सहयोग दें।

# लुधियाना में सरकारी जमीनें बेचने की तैयारी में आम आदमी पार्टी, एक और सिटी सेंटर स्कैम का डर - एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू



लुधियाना/यूटर्न/01 मई। आम आदमी पार्टी पंजाब और लुधियाना की बड़ी सरकारी प्रॉपर्टी बेचने की तैयारी कर रही है, जिसके तहत लुधियाना से बिजली विभाग और लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर, श्री संजीव अरोड़ा अपने पद का गलत इस्तेमाल करके लुधियाना की सरकारी प्रॉपर्टी खास लोगों को उनके निजी फायदे के लिए सस्ते दामों पर बेचने की तैयारी कर रहे हैं। ये बातें एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू (मेंबर एग्जीक्यूटिव कमेटी भारतीय जनता पार्टी, पंजाब) ने लुधियाना में कुछ चुने हुए पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। इस मौके पर भाजपा के पदाधिकारियों में वेस्ट हलके के इंचार्ज मुनीश लकी चोपड़ा, सर्कल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, योगेश शर्मा, राजन शर्मा, प्रिंस भंडारी और राजेश टीना, सर्कल महासचिव जतिन शर्मा, रूपिंदर गुजराल, संदीप वाधवा, दिनेश गुप्ता, शिविम शर्मा, विकास सूद और रमनदीप शर्मा की मौजूदगी में एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर संजीव अरोड़ा अपनी पावर का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और लुधियाना की सरकारी जमीनों और प्रॉपर्टी को गैर-कानूनी तरीके से बेचकर खुद को, अपने रिश्तेदारों और अपने बिजनेस पार्टनर्स को फायदा पहुंचा रहे हैं। एडवोकेट सिद्धू ने इस बारे में अपनी आशंका जाहिर करते हुए कहा कि ठीक 2021 में भी उस समय की कांग्रेस सरकार और उस समय के प्रभावशाली मंत्री ने अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए लुधियाना के नगर सुधार ट्रस्ट की दुगरी रोड पर मॉडल टाउन एक्सटेंशन में 450 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी अपने प्राइवेट बिजनेस पार्टनर्स (रितेश प्रॉपर्टी एंड कंपनी, जो मौजूदा मंत्री से जुड़ी है) को सिर्फ 96 करोड़ रुपये में बेच दी थी, जो सीधे तौर पर शहर के लोगों के साथ एक बड़ा धोखा था। लेकिन इस स्कैंडल को एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू की लीडरशिप में भारतीय जनता पार्टी के जुझारू वर्करों ने लंबे और कड़े संघर्ष के बाद कैंसिल करवा दिया। इस स्कैंडल के सामने आने के बाद, उस समय के लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर को लेटर नंबर 37757, तारीख 11 सितंबर, 2021 के जरिए इस बोली को कैंसिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह भारतीय जनता पार्टी की बहुत बड़ी जीत थी। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी की सरकार में भी इसी तरह के स्कैम होने वाले हैं। एडवोकेट बिक्रम सिद्धू ने कहा कि कैबिनेट मिनिस्टर श्री संजीव अरोड़ा की लीडरशिप में लुधियाना की महंगी और प्राइम प्रॉपर्टीज जैसे सराभा नगर बिजली ऑफिस और रेजिडेंशियल कॉलोनी की जमीन, राजगुरु नगर में रिजर्व स्कूल की जमीन, किचलू नगर कम्युनिटी सेंटर की जमीन, रानी झांसी रोड और निगम बिल्डिंग को सस्ते दामों पर नीलाम करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ये सभी प्रॉपर्टीज कई सौ करोड़ रुपये की हैं, लेकिन श्रीमान मिनिस्टर अपने खास बिजनेस पार्टनर्स को खुश करने के लिए अपने पर्सनल फायदे और महत्वाकांक्षा के लिए इस जमीन को सस्ते और गैर-कानूनी तरीके से हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। एडवोकेट सिद्धू ने कहा कि वे लुधियाना शहर के लोगों की इस सरकारी प्रॉपर्टी को इस तरह बर्बाद नहीं होने देंगे और इस जमीन को बचाने के लिए वे वेस्ट हलके के जुझारू भारतीय जनता पार्टी के वर्करों और पदाधिकारियों के साथ मिलकर कानूनी और जमीनी लड़ाई का रास्ता अपनाएंगे, जिसके लिए धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कुछ समय पहले आप सरकार के लोकल बॉडीज मिनिस्टर द्वारा इंडस्ट्रियल और कमर्शियल प्लॉट को रेजिडेंशियल प्लॉट में बदलने पर भी अपनी राय रखी। एडवोकेट सिद्धू ने कहा कि अगर मिनिस्टर के हैम्पटन होम और इंडस्ट्रियल और कमर्शियल प्लॉट की विजिलेंस या किसी निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच करवाई जाए।

Uturn Time 02 May 2026_Layout 2 01-05-2026 23:54 Page 6



# तृप्ति श्योराण बनीं हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। हरियाणा सरकार ने भिवानी निवासी सुश्री तृप्ति श्योराण को हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन नियुक्त किया है। इस बारे में हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी की गई है। तृप्ति श्योराण भिवानी जिले के गांव गागड़वास निवासी हरियाणा को-ऑपरेटिव बैंक भिवानी के सहायक प्रबंधक रहे



स्वर्गीय हरिपाल श्योराण की बेटी हैं। उल्लेखनीय है कि तृप्ति श्योराण का जन्म 19 अगस्त, 1989 में हरिपाल श्योराण के घर पुष्पा देवी की कोख से हुआ। तृप्ति श्योराण की नियुक्ति को महिला नेतृत्व एवं सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने वाली पहल माना जा रहा है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए होता है। तृप्ति श्योराण ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर व प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री श्रुति चौधरी का आभार जताया है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### आओ जिन्दगी को आजाद घूमने दें।

कभी कभी जिन्दगी सामाजिक ज्ञान में हम जो धरती का मॉडल देखते थे न ग्लोब ठीक उसकी तरह लगने लगती है। कभी लगता है कि जीवन बड़ा सुखमय है और हर तरफ बस हरियाली ही हरियाली है। जीवन की हर घटना बड़ी आनंदमयी लगने लगती है। तो कभी ऐसा समय आता है कि दुख के कारण आँखों से आँसुओं के दरिया, नदियाँ और झरने बहने लगते हैं। कभी परेशानियों के इतने थपेड़े पड़ते हैं कि जैसे जीवन तपती धूप में तप रहा हो और पैरों के नीचे बस मरूस्थल की गर्म बालू हो जिसपर न तो चला जा रहा हो और न ही उसकी तपश से बचने का कोई रास्ता हो पर फिर भी किसी तरह कूद फांदकर बस रास्ता तय करना ही एकमात्र मजबूरी हो। कभी कभी हमारे जीवन में पहाड़ जैसे विशाल दुख आ जाते हैं जो अपनी जगह से जरा सा भी हिलने का नाम भी नहीं लेते बस हमें खुद ही अपना रास्ता बदलना पड़ता है। तो कभी ऐसा भी लगता है कि जीवन में अपार सुख तो हों पर उन्हें भोग न पाने का मलाल रह जाए जैसे सुंदर पहाड़ों में खूब बर्फबारी हो रही हो जो देखने में बड़ी अद्भुत लग रही हो पर बाहर जाकर उसे महसूस नहीं कर पा रहे हों। अजीब ही तो है जीवन की डगर ग्लोब के नक्शे की भांति ही हमारे हाथों और माथे की तकदीरें लिख दी गई हैं बस उन्हीं लकीरों को ही अपनी तकरीरें मान कर अपना जीवन यापन करना होता है। प्रकृति के रंगों जैसे अद्भुत रंग लिए हमारा जीवन अपने अपने नक्शे पर स्थित होकर अपने अपने कर्मों के अनुसार बीत रहा है। इस में मोड़ बहुत हैं पर कितने भी मोड़ आ जाएँ कहीं न कहीं मंजिल तो मिल ही जाती है। जैसे ग्लोब एक धुरी पर टिका घूमता रहता है ठीक उसी तरह हमारा जीवन भी प्रभु के अस्तित्व के आसरे बीत जाता है।

जब धरती या ग्लोब घूमते घूमते नहीं थकते तो फिर हम तुम क्यों थक जाते हैं? एक दिन ये नदियाँ, पहाड़, मरूस्थल, हरियाली पार करते करते हमारे जीवन की शाम आ जाएगी और फिर तो हमें रूकना ही होगा नई सुबह की इन्तजार में फिर से नया जन्म होगा और फिर यही यात्रा नए रूप में शुरू हो जाएगी। यह सफर तो हर जन्म में हमें यूं ही तय करना ही पड़ेगा तो फिर हम फिक्र किस चीज की करते हैं जब पता है मंज़िल तो मिल ही जाएगी किसी को जल्दी तो किसी को बाद में। तो आओ इस ग्लोब रूपी जीवन को आजादी से घूमने दें।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Interim Maintenance** क्या होता है और कब मिलता है?

परिवार से जुड़े मामलों में अक्सर अंतिम फैसला आने में समय लगता है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि उस दौरान आर्थिक जरूरतों का क्या होगा? इसी स्थिति के लिए **"Interim Maintenance"** का प्रावधान है।



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Interim Maintenance**
वह अस्थायी भरण-पोषण है, जो केस के चलते रहने के दौरान दिया जाता है, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर सके।

यह मांग विभिन्न कानूनों के तहत की जा सकती है—जैसे **Hindu Marriage Act, Domestic Violence Act,** और प्रक्रिया के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता **(BNSS)** में भी इसका प्रावधान है (पहले यह **CrPC** के तहत था)।

अदालत यह देखते हुए **interim maintenance** तय करती है कि मांग करने वाला व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है या नहीं, और दूसरे पक्ष की आय कितनी है। यह राशि अंतिम **maintenance** से अलग हो सकती है और केस के अंत में इसे समायोजित **(adjust)** भी किया जा सकता है।

कई बार लोग यह सोचते हैं कि **maintenance** केवल अंतिम निर्णय के बाद ही मिलता है, जबकि **interim maintenance** का उद्देश्य ही यह है कि केस के दौरान आर्थिक कठिनाई न हो।

हालांकि, अदालत यह भी सुनिश्चित करती है कि यह प्रावधान किसी पक्ष द्वारा गलत तरीके से उपयोग न किया जाए।

निष्कर्ष: **Interim Maintenance** एक अस्थायी आर्थिक सहारा है, जो केस के दौरान दिया जाता है। इसका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया के दौरान जरूरतमंद व्यक्ति को संतुलित जीवन जीने में सहायता करना है।

# विधानसभा के समानांतर बीजेपी की 'जन विधानसभा', चंडीगढ़ में सियासी शक्ति प्रदर्शन से बढ़ा टकराव







अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर पंजाब की सियासत में बड़ा राजनीतिक टकराव देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा के विशेष सत्र के समानांतर चंडीगढ़ में अपनी 'जन विधानसभा' आयोजित कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस कदम को सीधे तौर पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी सरकार को चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

सेक्टर-37 स्थित पार्टी कार्यालय के पास आयोजित इस प्रतीकात्मक सत्र में मंच को बिल्कुल विधानसभा की तरह सजाया गया स्पीकर की कुर्सी, व्यवस्थित बैठक और औपचारिक कार्यवाही के साथ पूरा माहौल एक वास्तविक सदन जैसा नजर आया। कार्यक्रम की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की, जबकि तरुण चुघ, विक्रम साहनी, विजय सांपला और टिकशन सूद समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।

### पूर्व डिप्टी स्पीकर ने संभाली कमान, राष्ट्रगान से शुरूआत

कार्यवाही का संचालन पूर्व डिप्टी स्पीकर चरणजीत सिंह अटवाल ने किया। सत्र की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई और आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह प्रतीकात्मक सत्र होगा, जिसमें प्रश्नकाल या शून्यकाल जैसी प्रक्रियाएं शामिल नहीं होंगी।

### सरकार पर चौतरफा हमला

कार्यक्रम से पहले नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन 600 रुपये प्रतिदिन करने की मांग उठाते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने विश्वासमत प्रस्ताव को लेकर भी सवाल उठाए और सरकार पर आंतरिक अस्थिरता के आरोप लगाए। सत्र के दौरान सुनील जाखड़ ने पंजाब में नशे की समस्या, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और आर्थिक हालात पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा शासन में ड्रग्स से जुड़ी मौतों में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही, गैंगवार की घटनाओं—जिसमें सिद्धू मूसेवाला की हत्या का जिक्र भी शामिल रहा को उठाकर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर निशाना साधा गया।

### मौन रखकर दी श्रद्धांजलि, सरकार को घेरने का मंच बना सत्र

सत्र की शुरूआत नशे और हिंसा के पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद पूरे कार्यक्रम को सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली की आलोचना के मंच के रूप में इस्तेमाल किया गया।

### राजनीतिक तापमान चरम पर

इस 'जन विधानसभा' के जरिए बीजेपी ने साफ संकेत दे दिया है कि वह पंजाब में आक्रामक विपक्ष की भूमिका निभाने जा रही है। विधानसभा के भीतर चल रही बहस के समानांतर यह कदम सियासी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस घटनाक्रम के बाद राज्य में सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव और तेज होगा, जिससे आने वाले दिनों में पंजाब की राजनीति और ज्यादा गमार्ने के आसार हैं।

# पंचकूला के लिए कांग्रेस का विशेष घोषणा पत्र जारी, स्मार्ट सिटी और बुनियादी सुविधाओं पर जोर



चंडीगढ़/पंचकूला/यूटर्न/01 मई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष **Rao Narender Singh** ने पंचकूला नगर निगम चुनाव 2026 के लिए कांग्रेस का विशेष घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर विधायक **Chander Mohan,** मेयर प्रत्याशी **Sudha Bhardwaj** सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। घोषणा पत्र को शहर के समग्र विकास का रोडमैप बताते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि इसमें पंचकूला को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने, पेयजल व्यवस्था सुधारने, सड़कों के पुनर्निर्माण और कचरा प्रबंधन को मजबूत करने जैसे अहम वादे शामिल हैं। ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए मल्टीलेवल और फ्री पार्किंग की योजना भी प्रस्तावित की गई है। इसके अलावा, सोलर सिटी विकसित करने, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने और **RWA** के साथ समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। घोषणा पत्र में झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का वादा किया गया है। कांग्रेस ने शहर में सीसीटीवी, वाई-फाई, साइबर हब, सार्वजनिक शौचालय और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की भी योजना पेश की है। साथ ही अधूरे विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और नगर निगम में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

Uturn Time 02 May 2026_Layout 2 01-05-2026 23:54 Page 7



# पंजाब विधानसभा में शक्ति प्रदर्शनः भगवंत मान सरकार ने जीता विश्वासमत, विपक्ष का बहिष्कार

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। पंजाब की राजनीति में जारी हलचल के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विधानसभा के विशेष सत्र में शक्ति प्रदर्शन करते हुए विश्वासमत हासिल कर लिया। प्रस्ताव सदन में पारित हो गया, लेकिन विपक्षी दलों की गैरमौजूदगी और वॉकआउट ने पूरे घटनाक्रम को सियासी रंग दे दिया। विश्वासमत प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह स्थिर है और विधायकों के टूटने की जो चचाएं चल रही हैं, वे महज अफवाह हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष जानबूझकर भ्रम फैलाकर सरकार की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है।



सत्र के दौरान माहौल उस वक्त गरमा गया जब मुख्यमंत्री ने विपक्षी विधायकों के व्यवहार पर टिप्पणी की। इस पर कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा ने कड़ा विरोध जताया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विवाद बढ़ने पर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया, जबकि भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के विधायक पहले से ही सत्र में शामिल नहीं थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस आपसी मिलीभगत से उनकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी मजबूत है और किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगी।

सरकार के समर्थन में बोलते हुए विधायक अनमोल गगन मान ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई और कहा कि वे अंत तक पार्टी के साथ खड़े रहेंगे। वहीं मंत्री संजीव अरोड़ा ने सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिनाते हुए बिजली दरों में राहत, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई और लंबित कार्यों के निपटारे को प्रमुख उपलब्धियां बताया। हालांकि विश्वासमत पारित होने से सरकार ने बहुमत साबित कर दिया है, लेकिन सदन में हुए हंगामे और विपक्ष के बहिष्कार ने राज्य की सियासत को और गरमा दिया है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज होने के संकेत हैं।

# 'कोशिश' ने महानगर के प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को किया जागरूक

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/01 मई। बीते दिन महानगर लुधियाना में समाज सेवी संस्था 'कोशिश' की ओर से वातावरण को शुद्ध और साफ रखने के लिए एक अनोखा प्रयास किया गया, जिसके तहत शहर के भाई बाला चौक सहित विभिन्न ट्रैफिक लाइटों पर वाहनों के साथ खड़े लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गई।





संस्था के प्रधान भाई हरजोत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब का वातावरण दिन-ब-दिन दूषित हो रहा है और तापमान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस संबंध में जागरूक किया गया कि ट्रैफिक लाइटों पर खड़े वाहनों के चल रहे इंजन 15% प्रदूषण पैदा करते हैं, जिसे लोग अपने स्तर पर गाड़ी बंद करके कम कर सकते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए इन गाड़ियों के पास खड़ा होना बहुत मुश्किल होता है। हर साल हजारों लोग प्रदूषण के कारण बीमार हो जाते हैं, जिसका यह भी एक बड़ा कारण है।

उन्होंने अपने साथियों के साथ चौकों में खड़े होकर लोगों को सचेत किया और आने वाले समय में बड़े स्तर पर वातावरण को बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास करने का भी संकल्प दोहराया। इस मौके पर उनके साथ गुरदीप सिंह, परमिंदर सिंह, गुरसाहिब सिंह, समाज सेवी और पर्यावरण प्रेमी बलबीर सिंह खालसा, रमणदीप सिंह, तुषारदीप सिंह खालसा और संजम सिंह उपस्थित थे।

# आईटी पार्क थाना पुलिस ने लूट मामले में 3 आरोपी को दबोचा , लूटा गया सामान बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आईटी पार्क थाना पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोच लिया और उनके कब्जे से लूटा गया सामान भी बरामद कर लिया। यह कार्रवाई यूटी एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों और एसपी (सिटी) के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन में की गई। डीएसपी (नॉर्थ-ईस्ट) विजय सिंह की निगरानी में इंस्पेक्टर मिनी भारद्वाज, एसएचओ आईटी पार्क के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।



## ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मामला एफआईआर नंबर 43, दिनांक 30 अप्रैल 2026 का है, शास्त्री नगर मनीमाजरा निवासी रविंदर कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उनसे लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

जांच के दौरान एएसआई हुसिंदर राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 30 अप्रैल को ही कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेहताब उर्फ शिवम , प्रीत उर्फ पोलू , और गौरव उर्फ कंचू के रूप में हुई है।

पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गए सामान को भी बरामद कर लिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार तीनों आरोपियों का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है।न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी

पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है। चंडीगढ़ पुलिस ने साफ किया है कि शहर में अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# DLSA को मिला नया सचिव, सीजेएम हिमांशु अरोड़ा ने संभाला पदभार

लुधियाना/यूटर्न/01 मई। Punjab and Haryana High Court ने चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हिमांशु अरोड़ा को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) का नया सचिव नियुक्त किया है। उन्होंने आज विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह मुक्तसर में लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हिमांशु अरोड़ा इससे पूर्व लुधियाना में तीन वर्षों तक ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य लोक अदालत और मेडिएशन सेंटर के माध्यम से लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने लोगों से 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।



# मानवता भलाई सेवा सोसायटी ने मनाया मजदूर दिवस, प्रमुख हस्तियां हुईं शामिल



लुधियाना/यूटर्न/01 मई। मानवता भलाई सेवा सोसायटी द्वारा आज दुगरी रोड स्थित कार्यालय में 1 मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से Inderjit Singh Babbu (पूर्व राष्ट्रपति Giani Zail Singh के पोते) और Simarjit Singh Bains (पूर्व विधायक) मौजूद रहे। सोसायटी के प्रधान प्रिंसिपल गुरनेक सिंह ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया, जबकि जनरल सेक्रेटरी मनजीत सिंह अरोड़ा ने संस्था द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर सोसायटी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें सतविंदर सिंह मठाड़ू (उप प्रधान), राकेश गोयल (उप प्रधान), परमिंदर सिंह सोहल (मुख्य प्रवक्ता), जगजीत सिंह (सचिव), जसबीर सिंह नामधारी (सचिव), सुखविंदर सिंह और पवित्र सिंह शामिल थे।

# मजदूर दिवस पर स्ट्रीट वेंडर्स की आवाज बुलंद, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सेक्टर-20 स्थित मठ मंदिर मैदान में स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याओं को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर 1 मई 2014 को लागू हुए स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के 12 वर्ष पूरे होने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वेंडर्स और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में रं३स्त्रं' खंल्ल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याएं सुनीं और उनके संघर्ष के प्रति समर्थन जताया। वक्ताओं ने कहा कि वेंडर्स शहर की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं, लेकिन आज भी उन्हें कई प्रशासनिक और कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों—राममिलन गौड़, कैलाश राव, अयोध्या प्रसाद, गुड़िया देवी, मीरा देवी, बनारसी दास, सुनीता और मधुर सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और वेंडर्स के अधिकारों की मजबूती से पैरवी की।



# २० मिनट में एक्शन, स्नैचिंग कर भाग रहे ३ आरोपी चंडीगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। शहर में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश करने वाले स्नैचर्स पर चंडीगढ़ पुलिस की पीसीआर टीम ने तेजी से शिकंजा कसते हुए सफलता हासिल की है। महज कुछ ही मिनटों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नगदी छीनकर भाग रहे तीन आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 3000 रुपये बरामद किए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात करीब 11:10 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि शीतला माता मंदिर के पास तीन युवकों ने एक व्यक्ति से 5000 रुपये छीन लिए और रेलवे फाटक के पास कच्चे रास्ते की ओर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पीसीआर टीम अ-35 में तैनात आईसी सीटी शशांक शर्मा और ड्राइवर कॉन्स्टेबल दिनेश ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। पीसीआर टीम ने इलाके में तेजी से घेराबंदी करते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कुछ ही देर में तीनों संदिग्ध कच्चे रास्ते पर भागते हुए नजर आए। पुलिस ने बिना समय गंवाए उन्हें चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया।



पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्नैचिंग की वारदात कबूल कर ली।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम , प्रीत और गौरव के रूप में हुई है, जो मनीमाजरा के मोरीगेट इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से 3000 रुपये की नकदी बरामद की है, जबकि बाकी रकम के बारे में पूछताछ जारी है। कार्रवाई के बाद पीसीआर टीम ने तीनों आरोपियों को आईटी पार्क थाने की पुलिस के हवाले कर दिया, जहां एएसआई हुसिंदर राणा ने एफआईआर नंबर 43 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी वारदात

इस पूरी कार्रवाई में पीसीआर टीम की मुस्तैदी और त्वरित प्रतिक्रिया साफ तौर पर सामने आई है। अगर समय रहते कार्रवाई न होती, तो आरोपी आसानी से फरार हो सकते थे। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि शहर में अपराध के खिलाफ ऐसी ही सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# वार्ड-14 में चुनावी सरगर्मी तेज, प्रत्याशी कर रहे जनसंपर्क

## स्थानीय मुद्दों के साथ वोट मांग रहे उम्मीदवार, लोगों से मिल रहा समर्थन

डेराबस्सी/यूटर्न/01 मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड-14 में चुनावी माहौल गरमाने लगा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और उनके समर्थक घर-घर जाकर लोगों से संपर्क साध रहे हैं और अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं।



इसी क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी अंकित जैन ने भी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वह वार्ड की गलियों में पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास, सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया। अंकित जैन ने कहा कि वार्ड-14 में लंबे समय से कई समस्याएं लंबित हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस बार बदलाव के लिए मतदान करें और उन्हें सेवा का मौका दें। वहीं, अन्य प्रत्याशी भी अपने-अपने स्तर पर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वार्ड में मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और सड़कों की स्थिति जैसे मुद्दे प्रमुख बने हुए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे इस बार ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहते हैं जो उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान कर सके और वार्ड के समग्र विकास के लिए काम करे। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे वार्ड-14 में चुनावी गतिविधियां और तेज होती जा रही हैं। उम्मीदवारों के बीच मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है।

# नेशनल ह्यूमन राइट्स , सोशल जस्टिस कॉन्सिल ऑफ इंडिया -चंडीगढ़ ने मनाया लेबर डे

## मजदूरों को उनके हकों के प्रति किया जागरूक

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। अंतरराष्ट्रीय लेबर डे के उपलक्ष्य में नेशनल ह्यूमन राइट्स, सोशल जस्टिस कॉन्सिल ऑफ इंडिया - चंडीगढ़ ने लेबर चौक पर मजदूर साथियों के साथ उनके हक के प्रति जागरूक करके मनाया। चंडीगढ़ के प्रधान एस ए खान के दिशानिर्देश अनुसार वाइस चेयरमैन मानव शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव शर्मा ने कहा कि लेबर डे (मजदूर दिवस) या अंतर्राष्ट्रीय




श्रमिक दिवस हर साल 1 मई को मनाया जाता है, जो मजदूरों के अधिकारों, सम्मान और उनके संघर्षों को समर्पित है।मजदूर दिवस केवल महज एक दिन नहीं बल्कि उन करोड़ों मजदूरों के संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना जीवन समर्पित कर दिया।यह दिन समाज में समानता लाने और आर्थिक प्रगति की रीढ़ कहे जाने वाले कामगारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है। इस अवसर पर जनरल सेक्रेटरी जीशान उल हक, संस्था के फाइनेंस सेक्रेटरी संजीव कपूर, स्टेट कॉर्डिनेटर राकेश शर्मा, गुलशन वर्मा, स्टेट ज्वाइंट सचिव रणदीप सिंह सहारन और मीडिया सेक्रेटरी अजय चौधरी उपस्थित रहे।

# पंजाब के मुख्य सचिव ने अपनी स्व-जनगणना पूरी की, नागरिकों से जनगणना 2027 में सक्रिय भागीदारी की अपील



चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। पंजाब के मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने यहां अपने निवास पर ऑनलाइन पोर्टल (se.census.gov.in) के माध्यम से अपनी स्व-जनगणना प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया के लिए स्थानीय निकाय के सचिव मनजीत सिंह बराड़ तथा जनगणना पंजाब एवं चंडीगढ़ के निदेशक डॉ. नवजोत खोसा द्वारा सुविधा उपलब्ध करवाई गई। श्री सिन्हा ने राज्य के सभी निवासियों से राष्ट्रीय जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने इस प्रक्रिया को एक नागरिक कर्तव्य बताया, जो जनसामान्य की आवश्यकताओं का आकलन करने में सहायक है तथा संसाधनों के समान वितरण के माध्यम से बेहतर शासन सुनिश्चित करता है। उन्होंने अपील की कि इस प्रक्रिया में प्रत्येक घर-परिवार की गणना हो, हर आवाज सुनी जाए और कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे। मुख्य सचिव ने कहा कि सक्रिय जनभागीदारी एक मजबूत, अधिक समावेशी और विकसित भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि विश्वसनीय जनगणना आंकड़े स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों, कल्याणकारी योजनाओं और विकास नीतियों जैसे बुनियादी ढांचे की योजना बनाने की आधारशिला होते हैं। इसलिए स्व-जनगणना विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

# मनीमाजरा स्थित जेंटेलमैन दुकान में कपड़े खरीदने के बहाने 8 हजार की ठगी, एक्टिवा पर फरार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। शहर के मनीमाजरा इलाके में एक बार फिर ठगी की वारदात सामने आई है, जहां दो युवकों ने कपड़े खरीदने के बहाने दुकानदार को चकमा देकर 7 से 8 हजार के कपड़े लेकर फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मनीमाजरा स्थित पीपली वाला टाउन में एक जेंटेलमैन गारमेंट्स की दुकान पर बुधवार रात करीब 9:30 बजे दो युवक पहुंचे। उन्होंने आराम से कपड़े पसंद किए और करीब 7-8 हजार रुपये की लोअर और टी-शर्ट खरीद ली। दुकानदार अमीर खान के अनुसार एक युवक कपड़े लेने के बाद दुकान



से बाहर चला गया, जबकि दूसरा पेमेंट करने के लिए काउंटर पर खड़ा रहा। इसी दौरान उसने किसी बहाने से समय लिया और कुछ ही मिनटों में वह भी बाहर निकल गया। इसके बाद दोनों युवक बाहर खड़ी अपनी एक्टिवा पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना का पता तब चला जब काफी देर तक पेमेंट नहीं हुआ और दोनों युवक नजर नहीं आए। ठगी का एहसास होते ही दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़ित दुकानदार ने मनीमाजरा थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज में दोनों आरोपी साफ नजर आ रहे हैं, जिससे उनकी पहचान करने में मदद मिल रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से स्थानीय व्यापारियों में चिंता का माहौल है। दुकानदारों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि इस तरह की वारदातों पर लगाम लगाई जा सके।

प्रेस क्लब (रजि.) जगरांव की अनूठी पहल

# आम जनता की सुविधा के लिए जल्द लगेगा ड्राइविंग लाइसेंस कैंप

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगराव/यूटर्न1/मई। समाज सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाले प्रेस क्लब (रजि.) जगरांव ने इस वर्ष भी लोकहित में एक बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। क्लब के अध्यक्ष हरविंदर सिंह चाहल की अध्यक्षता में सिद्धवां बेट रोड पर आयोजित एक विशेष बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि क्षेत्र के निवासियों की सुविधा हेतु जल्द ही एक लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप लगाया जाएगा।

**कैंप की मुख्य विशेषताएं और योजना:** अध्यक्ष हरविंदर सिंह चाहल ने बताया कि कैंप की सटीक तिथि और स्थान तय करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत जारी है।

**संभावित समय:** उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों के भीतर इस कैंप का आयोजन कर दिया जाएगा।

**सहयोग की अपील:** बैठक के दौरान समूह पत्रकार भाईचारे से इस नेक कार्य को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग की अपील की गई, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति और सक्रिय समर्थन का भरोसा दिया।



### अनुभव और पिछला रिकॉर्ड

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब(रजि) जगरांव सामाजिक सरोकारों से गहराई से जुड़ा हुआ है। क्लब द्वारा पहले भी कई बार ड्राइविंग लाइसेंस कैंप लगाए जा चुके हैं, जिनका क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भरपूर लाभ उठाया था। पिछले कैंपों की सफलता और जनता के उत्साह को देखते हुए ही आम जन की सहुलत के लिए फिर से यह कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्लब की कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अमरजीत सिंह मालवा (चेयरमैन), हरविंदर सिंह चाहल (अध्यक्ष), सुखदीप नाहर, दीपक जैन, बलजीत सिंह गोल्डी, जसविंदर सिंह डांगिया, बॉबी सहजल, अमित खन्ना, प्रदीप पाल, प्रदीप जैन, प्रवीण धवन, कमल राज और कुलविंदर सिंह विरदी।

**विशेष नोट:** कैंप के सटीक समय और स्थान की आधिकारिक घोषणा प्रशासनिक मंजूरी मिलते ही सार्वजनिक कर दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर महिला शक्ति का शंखनाद

-चरणजीत सिंह चन्ना-

जगरांव/यूटर्न/1/मई। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज नगर परिषद जगरांव में 'सफाई सेवक यूनियन' द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिला अध्यक्ष मिसरो देवी ने ध्वजारोहण कर समाज और अर्थव्यवस्था में महिलाओं के बेमिसाल योगदान को रेखांकित किया।

**बदलता स्वरूप:** मिसरो देवी ने कहा कि आज महिलाएं घर की चारदीवारी लांघकर खेती, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की उन्नति में नींव का पत्थर साबित हो रही हैं।

**असंगठित क्षेत्र का संघर्ष:** उन्होंने विशेष रूप से उन महिला मजदूरों के हौसले को सलाम किया जो कम वेतन और कठिन परिस्थितियों के बावजूद परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं।



**प्रमुख मांगें:** कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के लिए समान वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पुरजोर मांग की गई।

**नारा:** 'जब तक महिलाओं को पूर्ण समानता नहीं मिलेगी, समाज की वास्तविक प्रगति संभव नहीं है।'

**उपस्थिति:** इस मौके पर सेंट्रल वाल्मीकि सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गेजा राम वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष अरुण गिल, सन्नी सुंदर, और अन्य गणमान्य पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वार्ड-6 में तेज हुई सियासी हलचल, जसप्रीत कौर मजबूत दावेदार



जीरकपुर/यूटर्न/01 मई। नगर परिषद चुनाव नजदीक आते ही वार्ड नंबर-6 में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में जसप्रीत कौर का नाम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से टिकट के लिए सबसे प्रबल दावेदार के रूप में उभरकर सामने आया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार संगठन के भीतर चल रही चचाओं और क्षेत्र में उनकी लगातार सक्रियता को देखते हुए जसप्रीत कौर को मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि वह पिछले काफी समय से वार्ड में सक्रिय हैं और लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। स्थानीय स्तर पर उनकी पहचान एक ऐसे चेहरे के रूप में बनी है, जो क्षेत्र की समस्याओं को उठाने में आगे रहती हैं। उन्होंने समय-समय पर इलाके से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर संबंधित विभागों तक पहुंचाया है। इसी कारण से आम लोगों के बीच उनकी पकड़ मजबूत होती नजर आ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जसप्रीत कौर ने न सिर्फ समस्याओं को उठाया, बल्कि उनके समाधान के लिए भी प्रयास किए, जिससे लोगों में उनके प्रति विश्वास बढ़ा है। यही वजह है कि वार्ड नंबर-6 में उन्हें एक सक्रिय और भरोसेमंद उम्मीदवार के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा की ओर से टिकट को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन मौजूदा समीकरणों और पार्टी के अंदरूनी माहौल को देखते हुए जसप्रीत कौर का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। अब पार्टी के अंतिम निर्णय पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं, जो आने वाले दिनों में साफ हो सकता।

# पंजाब ने जीएसटी संग्रह में बनाया नया रिकॉर्ड, देश में विकास दर में अव्वल



पंजाब/यूटर्न/01 मई। Harpal Singh Cheema ने घोषणा की कि Punjab ने अप्रैल 2026 में जीएसटी संग्रह के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य ने 2987.38 करोड़ रुपये का कुल जीएसटी दर्ज किया, जबकि शुद्ध जीएसटी प्राप्ति 2725.08 करोड़ रुपये रही। यह वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 70.70% की उल्लेखनीय वृद्धि को दशार्ता है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1,129 करोड़ रुपये अधिक है। वित्त मंत्री के अनुसार, पोस्ट-सेटलमेंट जीएसटी में 66% की वृद्धि दर्ज कर पंजाब देश में सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन गया है।

# मजदूर दिवस पर डेराबस्सी में विशाल रैली, स्कूल प्रबंधन के खिलाफ फूटा गुस्सा

## 15 कर्मचारियों की छंटनी का विरोध, विधायक की बेरुखी से भड़के किसान-मजदूर, ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा कोई अधिकारी, गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने बोर्ड पर चिपकाया मांग पत्र

डेराबस्सी/यूटर्न/01 मई। मजदूर दिवस के अवसर पर श्री सुखमणि इंटरनेशनल स्कूल डेराबस्सी के 15 कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के विरोध में शुक्रवार को किसान संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हलका विधायक के कार्यालय का घेराव करते हुए जोरदार नारेबाजी की और सरकार व प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने कथित तौर पर 15 कर्मचारियों को गैर-कानूनी तरीके से नौकरी से निकाल दिया और उनकी जगह ठेकेदारी सिस्टम के तहत नए लोगों को काम पर रख लिया। पिछले करीब 60 दिनों से प्रभावित कर्मचारी स्कूल के बाहर लगातार धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक न तो पंजाब सरकार और न ही स्थानीय विधायक ने उनकी कोई सुनवाई की है। इससे मजदूरों और किसानों में भारी नाराजगी है। रैली को संबोधित करते हुए विभिन्न किसान और मजदूर संगठनों के नेताओं ने सरकार और प्रशासन के रवैये की कड़ी आलोचना की। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल को विधायक निवास के बाहर किए गए प्रदर्शन के दौरान एक सप्ताह में समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि जानबूझकर इस मुद्दे को लटकाया जा रहा है।



प्रदर्शन के दौरान उस समय स्थिति और तनावपूर्ण हो गई, जब भीषण गर्मी में सैकड़ों किसान और मजदूर विधायक कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते रहे, लेकिन कार्यालय में स्टाफ मौजूद होने के बावजूद कोई भी अधिकारी या प्रतिनिधि ज्ञापन लेने के लिए बाहर नहीं आया। इससे गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कड़ा विरोध जताया। आक्रोशित किसानों और मजदूरों ने अंततः अपना मांग पत्र विधायक कार्यालय के बाहर लगे मुख्य बोर्ड पर ही चिपका दिया। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 5 मई तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गई, तो डेराबस्सी के हर वार्ड में 'जागो' अभियान चलाया जाएगा और गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

Uturn Time 02 May 2026_Layout 2 01-05-2026 23:54 Page 10



# चंडीगढ़ पुलिस ने 24 घंटे में लूटकांड सुलझाया, 1 आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग साथी काबू

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। शहर में सक्रिय लुटेरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर लूट की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके नाबालिग साथी को भी काबू कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक, चाकू समेत लूटा गया सामान बरामद किया है। यह कार्रवाई यूटी एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी (सिटी) के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ (साउथ) गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा, एसएचओ सेक्टर-31 के नेतृत्व में टीम ने इस केस को सुलझाया।

## दिनदहाड़े चाकू की नोक पर लूट

मामला 30 अप्रैल का है, जब



बुटरेला निवासी संजय ठाकुर इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में अपने कार्यस्थल पर मौजूद थे। दो युवक बाइक पर आए एक ने चाकू दिखाकर धमकाया, जबकि दूसरे ने उनकी जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में 5320 रुपये, डेबिट कार्ड और जरूरी दस्तावेज थे। वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपी बिना हेलमेट पहने मौके से फरार हो गए।

## CCTV और तेजी से एक्शन ने दिलाई सफलता

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान कर ट्रैकिंग शुरू की और 1 मई को आरोपी सौरभ उर्फ काली (23), निवासी रामदरबार फेज-2 को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से काला पर्स, आईसीआईसीआई बैंक का डेबिट कार्ड, 1000 रुपये और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया। वहीं, उसके 16 साल 7 महीने के नाबालिग साथी को भी पुलिस ने काबू कर लिया, जिसके पास से 1000 रुपये, पीड़ित का आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो और वारदात में इस्तेमाल बाइक (CH01BM9863) बरामद हुई।

## आरोपी हिस्ट्रीशीटर निकला

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी सौरभ उर्फ काली पहले से ही आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट समेत कई केस दर्ज हैं, जिससे उसके अपराधी नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## कोर्ट में पेशी, नेटवर्क की जांच जारी

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर नंबर 73 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों ने पहले भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं। चंडीगढ़ पुलिस ने साफ किया है कि शहर में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।


# करोड़ों के दावों के बीच खुद खस्ताहाल जीरकपुर नगर परिषद भवन

## खुली तारें, झड़ता प्लास्टर और दीवारों में उग आए पेड़, हादसे का खतरा

जीरकपुर/यूटर्न/01 मई। एक ओर जहां नगर परिषद शहर में विकास कार्यों और करोड़ों रुपये के बजट के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर उसकी अपनी ही बिल्डिंग बदहाली का शिकार बनी हुई है। जीरकपुर नगर परिषद भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह अब कर्मचारियों और रोजाना आने वाले हजारों लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है।


भवन के अंदर कई जगहों पर बिजली की तारें खुली पड़ी हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। वहीं परिसर में लगे वाटर कूलर या तो खराब हैं या अपनी जगह से हटे हुए हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

इमारत की दीवारों से लगातार प्लास्टर झड़ रहा है और जगह-जगह 'पपड़ियां' उतर चुकी हैं।



इससे न केवल भवन की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि उसकी मजबूती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति भवन के पिछले हिस्से की है, जहां दीवारों पर पीपल और तुलसी जैसे पौधे उग आए हैं, जो दीवारों को धीरे-धीरे कमजोर कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, नगर परिषद हर साल भवन के रखरखाव के लिए एस्टीमेट तो तैयार करती है, लेकिन पिछले करीब 10 वर्षों से जमीनी स्तर पर कोई ठोस मरम्मत कार्य नहीं हुआ। कागजों में दावे



'2024-25 में 10 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया था, जिसके तहत बिल्डिंग की अंदरूनी कमियों को दूर करना प्रस्तावित था। अब 2026-27 के लिए 70 लाख रुपये का नया एस्टीमेट तैयार किया गया है, जिसमें बाहरी हिस्से में व्हाइट वॉश, अंदर टाइल्स और अन्य जरूरी मरम्मत कार्य कराए जाएंगे।'

— अमनदीप शर्मा, जेई, नगर परिषद

जरूर किए गए, लेकिन हकीकत में भवन लगातार खस्ताहाल होता गया। इमारत के पिछले हिस्से में बने सुविधा केंद्र की स्थिति भी खराब है। यहां लगा वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे लोगों को पीने के पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही।

गौरतलब है कि इसी भवन में तहसील कार्यालय और एसपी कार्यालय भी स्थित हैं, जहां रोजाना हजारों लोग अपने जरूरी कामों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इस तरह की जर्जर व्यवस्था प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# गुलमोहर सिटी में पार्क की जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर विवाद

## सोसाइटी निवासियों ने जताया विरोध, बोले– बिना अनुमति हो रहा निर्माण



डेराबस्सी/यूटर्न/01 मई। गुलमोहर सिटी सोसाइटी में पार्क की जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सोसाइटी के कई निवासियों ने इस निर्माण का कड़ा विरोध करते हुए इसे अवैध करार दिया है और प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। निवासियों का आरोप है कि सोसाइटी के 3 बीआर पार्क (ग्रीन एरिया) में बिना किसी वैध अनुमति के मंदिर कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह न केवल सोसाइटी के बायलॉज का उल्लंघन है, बल्कि पंजाब अपार्टमेंट एक्ट, 1995 के भी खिलाफ है। लोगों का कहना है कि सोसाइटी में पहले से ही केवल एक ही पार्क है, जहां बुजुर्ग और बच्चे समय बिताते हैं। यदि इस स्थान पर निर्माण कर दिया गया तो भविष्य में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। निवासियों ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी मंदिर निर्माण की मांग नहीं की और अगर मंदिर बनाना है तो इसके लिए कोई अन्य उपयुक्त स्थान चुना जाए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि सोसाइटी की बॉडी (BOD) को इस तरह के निर्माण के लिए जमीन आवंटित करने का अधिकार नहीं है। यहां तक कि बहुमत के आधार पर लिया गया फैसला भी कानून से ऊपर नहीं हो सकता। निवासियों ने सोसाइटी के प्रधान गुरमीत सिंह और महासचिव आशीष ठाकुर पर इस निर्माण को समर्थन देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस कदम से सोसाइटी में विभिन्न समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे शांति और सौहार्द बिगड़ने का खतरा है। मामले को लेकर सोसाइटी के लोगों ने एकजुट होकर डेराबस्सी नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी और एसडीएम को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर कानूनी नियमों के तहत उचित कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और भाईचारा बना रहे।

# राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने घासेड़ा PHC का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने के दिए निर्देश



घासेड़ा/यूटर्न/01 मई। राज्यपाल Asim Kumar Ghosh ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) घासेड़ा का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया। दौरे के दौरान राज्यपाल और उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष ने पीएचसी परिसर में पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मेधावी 'गौभगत' देव झाँजी ने बढ़ाया पंजाब का मान

## ICSE बोर्ड की ऑल इंडिया टॉप टेन सूची में बनाई जगह

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/1/मई। जगरांव के लाड़ले और प्रखर गौभगत कुमार देव झाँजी ने अपनी असाधारण प्रतिभा से न केवल अपने शहर, बल्कि पूरे पंजाब राज्य का नाम राष्ट्रीय पटल पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर दिया है। शिमला के प्रतिष्ठित बिशप कॉटन स्कूल (Bishop Cotton School) के छात्र देव झाँजी ने क्ळरए बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत (All India) में टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है।

संस्कार और शिक्षा का संगम देव झाँजी, प्रसिद्ध गौसेविका एडवोकेट मून झाँजी के सुपुत्र हैं। उनकी इस वैश्विक स्तर की उपलब्धि पर पूरे झाँजी परिवार में हर्ष का माहौल है। यह पल उनके आदरणीय नाना-नानी, (स्व.) जीवन झाँजी और (स्व.) श्रीमती पुष्पा झाँजी जी के आशीर्वाद का प्रतिफल माना जा रहा है, जिनका सपना अपने दोहते को बुलंदियों



पर देखना था।

सफलता का श्रेय गौ-सेवा को: दान किए 21,000 रुपये अपनी इस शानदार सफलता के बाद देव झाँजी ने अपनी जड़ों और संस्कारों को नहीं भुलाया। सफलता का जश्न मनाने से पहले, इस युवा मेधावी छात्र ने गौमाता के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की। देव की ओर से इस पावन अवसर पर श्री कृष्णा गौशाला को 21,000 रुपये की दान राशि भेंट की गई है। ₹यह सफलता ईश्वर और गौमाता की असीम कृपा का परिणाम है। सेवा से जो संतोष मिलता है, वही हमें जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति देता है। - देव झाँजी

### बधाइयों का ताँता

जगरांव के निवासियों और श्री कृष्णा गौशाला समिति ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मून झाँजी और पूरे परिवार को कोटि-कोटि बधाई दी है। नगर वासियों का कहना है कि देव ने यह साबित कर दिया है कि यदि दृढ़ निश्चय और संस्कारों का साथ हो, तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है।

उपलब्धि: ICSE 10वीं बोर्ड परीक्षा में ऑल इंडिया टॉप-10 में स्थान।

संस्थान: बिशप कॉटन स्कूल, शिमला।

विशेष योगदान: सफलता की खुशी में गौसेवा हेतु 21,000 रुपये का दान।गर्व का क्षण: जगरांव और पंजाब का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन। समस्त झाँजी परिवार को इस गौरवमयी उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ!

# ICSE 10वीं परिणाम: अर्नव ने 99.2% के साथ किया टॉप, डॉक्टर बनने का सपना





लुधियाना/यूटर्न/01 मई। ICSE Board के दसवीं कक्षा के नतीजों में लड़कों ने बाजी मारी है। अर्नव ने 99.2% अंक हासिल कर Sat Paul Mittal School में पहला स्थान प्राप्त किया। वह नीट की तैयारी कर रहे हैं और अपने माता-पिता की तरह डॉक्टर बनकर अपना सपना पूरा करना चाहते हैं। उनकी दादी उन्हें खास तौर पर पंजाबी की क्लासें लगवाती थीं। लुधियाना में आईसीएसई बोर्ड के दसवीं के नतीजे घोषित हुए, जिनमें सतपाल मित्तल स्कूल के छात्र अर्नव ने 99.2% अंक लेकर स्कूल में टॉप किया। इस उपलब्धि से पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है और परिवार में भी जश्न मनाया जा रहा है। अर्नव ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस खुशी को साझा किया और केक काटकर अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। अर्नव ने बातचीत में बताया कि वह रोजाना 4 से 5 घंटे पढ़ाई करते थे। उनकी सफलता में स्कूल के शिक्षकों और माता-पिता का खास योगदान रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छे अंकों की उम्मीद थी, लेकिन स्कूल में टॉप करने की उम्मीद नहीं थी। अर्नव ने बताया कि उनके माता-पिता दोनों डॉक्टर हैं और वह भी आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहते हैं। फिलहाल वह नीट की तैयारी कर रहे हैं, हालांकि अभी उन्होंने किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता तय नहीं की है। अर्नव की मां दीपिका अग्रवाल, जो एक ईएनटी विशेषज्ञ हैं, ने बताया कि उन्हें अपने बेटे पर बहुत गर्व है। उन्होंने कभी भी बेटे पर पढ़ाई का दबाव नहीं डाला, लेकिन हमेशा चाहा कि वह अच्छे अंक लाकर अपना भविष्य संवारें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर बनने का निर्णय भी अर्नव का खुद का है और इस दिशा में उन्होंने कभी उस पर दबाव नहीं बनाया। बेटे की इस उपलब्धि से वह बेहद खुश हैं। वहीं अर्नव की 73 वर्षीय दादी ने भी पोते की सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने बताया कि अर्नव को पंजाबी पढ़ाने में उनका खास योगदान रहा, क्योंकि उसकी मां को पंजाबी कम आती थी। उन्होंने कहा कि अर्नव पहले पंजाबी में कमजोर था, लेकिन मेहनत के बाद उसने अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें बहुत खुशी है। उन्होंने कामना की कि उनके पोते के सभी सपने पूरे हों।

राशि



येलो बिकिनी में राशि का ग्लैमरस अंदाज, सोशल मीडिया पर मचाया तहलका एक्ट्रेस राशि इन दिनों अपने ग्लैमरस लुक को लेकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में उनका येलो बिकिनी अवतार फैंस के बीच तेजी से वायरल हो गया है। समुद्र किनारे कैजुअल स्टाइल में नजर आई राशि का कॉन्फिडेंस और फिटनेस चर्चा का विषय बन गया है। फैंस उनके इस बोल्ड और स्टाइलिश अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि राशि जल्द ही अपने नए प्रोजेक्ट के साथ बड़ा धमाका करने वाली हैं।

# डेराबस्सी अदालतों में 11वीं कोर्ट शुरू, नई सिविल जज ने संभाला कार्यभार

## अदालत में 10 महिला जज, बना प्रदेश में अनोखा उदाहरण

डेराबस्सी/यूटर्न/01 मई। डेराबस्सी की अदालतों में शुक्रवार को एक और कोर्ट जुड़ने के साथ कुल संख्या 11 हो गई है। सिविल जज जूनियर डिवीजन सुदीपा कौर ने नए जज के रूप में कार्यभार संभाला। उनके ज्वाइन करने के साथ ही यहां न्यायिक व्यवस्था और मजबूत हुई है। इस मौके की



खास बात यह रही कि अब डेराबस्सी कोर्ट परिसर में कुल 10 महिला जज कार्यरत हैं, जो अपने आप में एक अनोखी उपलब्धि मानी जा रही है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, संभवत: पूरे पंजाब में डेराबस्सी ही ऐसा स्टेशन है, जहां अधिकांश न्यायिक अधिकारी महिलाएं हैं। इसे नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बताया जा रहा है।

बार एसोसिएशन ने किया स्वागत...बार एसोसिएशन डेराबस्सी के प्रधान विक्रमजीत सिंह दप्पर और उनकी टीम ने नई जज का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्हें बार की डायरेक्टरी भी सौंपी गई। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी रहे मौजूद इस अवसर पर बार एसोसिएशन के वाइस प्रधान राम धीमान, जनरल सेक्रेटरी इंदरपाल सिंह खारी, जॉइंट सेक्रेटरी सीमा धीमान, कैशियर हरप्रीत सिंह सैणी और लाइब्रेरी इंचार्ज सुच्चा सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नई जज के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और न्यायिक कार्यों में सहयोग का भरोसा जताया।

Uturn Time 02 May 2026_Layout 2 01-05-2026 23:54 Page 12



# 18 अप्रैल की वारदात में शामिल गैंगस्टर पिंकू गिरफ्तार

## डेराबस्सी के पास से अजय शर्मा उर्फ पिंकू काबू, विदेशी पिस्टल बरामद

डेराबस्सी/यूटर्न/01 मई। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) पंजाब और एसएएस नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 18 अप्रैल को डेराबस्सी में हुई वारदात के एक अहम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए गैंगस्टर की पहचान अजय शर्मा उर्फ पिंकू के रूप में हुई है, जो उक्त मामले में लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार 18 अप्रैल को डेराबस्सी क्षेत्र में एक आपराधिक वारदात को अंजाम दिया गया था, जिसके बाद संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि अजय शर्मा उर्फ पिंकू इस घटना में सक्रिय भूमिका निभा रहा था और वारदात के बाद फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने डेराबस्सी के नजदीक इलाके में घेराबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक .32 बोर की विदेशी



पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। प्रारंभिक जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि अजय शर्मा उर्फ पिंकू विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टरों गोल्डी बराड़ और मनदीप उर्फ मनदीप स्पेन के निर्देशों पर काम कर रहा था। उसे ट्राइसिटी क्षेत्र में कई टारगेट दिए गए थे, जिन पर वह काम कर रहा था। समय रहते उसकी गिरफ्तारी से संभावित गंभीर आपराधिक घटना टल गई है। थाना प्रभारी सुमित मोर ने बताया कि यह गिरफ्तारी 18 अप्रैल को चलाए गए एक अन्य ऑपरेशन की कड़ी है, जिसमें इसी गैंग से जुड़े चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उस कार्रवाई में गैंग के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था और अब पिंकू की गिरफ्तारी से जांच को और मजबूती मिली है। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और उसके नेटवर्क के अन्य सदस्यों, हथियारों की सप्लाई तथा फंडिंग के स्रोतों का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि संगठित अपराध के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे गिरोहों को पूरी तरह खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सेक्टर-17 में मधुमक्खियों के छत्ते को जलाने का आरोप, निगम की कार्रवाई पर उठे सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 मई। सेक्टर-17 के बैंक स्क्वायर में शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे मधुमक्खियों के एक छत्ते को जलाने की कथित घटना ने विवाद खड़ा कर दिया है। इस मामले को लेकर पर्यावरण प्रेमियों और एडवोकेट गौरव गोयल ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अमानवीय और गैर-जिम्मेदाराना कदम बताया है। आरोप है कि नगर निगम की टीम ने छत्ते को हटाने के बजाय उसे आग लगाकर नष्ट कर दिया। घटना के सामने आने के बाद कई सामाजिक संगठनों और पर्यावरण कार्यकताओं ने इस कार्रवाई की निंदा की है।





### 'पर्यावरण के लिए अहम हैं मधुमक्खियां'

गौरव गोयल का कहना है कि मधुमक्खियां पारिस्थितिकी तंत्र का अहम हिस्सा हैं और परागण (पॉलिनेशन) में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में पूरे छत्ते को जलाना न केवल जीवों के प्रति क्रूरता है, बल्कि पर्यावरण के प्रति लापरवाही भी दशार्ता है।

एडवोकेट गौरव गोयल ने कहा कि मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञों की मदद से सुरक्षित और मानवीय तरीके अपनाए जा सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए स्पष्ट और पर्यावरण-अनुकूल प्रोटोकॉल बनाए जाएं।

### जवाबदेही तय करने की मांग

इस घटना को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाओं को किसी भी हालत में सामान्य नहीं माना जाना चाहिए।

फिलहाल नगर निगम की ओर से इस मामले पर आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है, जबकि बढ़ते विरोध के बीच प्रशासन पर जवाब देने का दबाव बढ़ता जा रहा है।

# शादी का झांसा देकर रेप करने वाला गिरफ्तार, अदालत ने भेजा रिमांड पर

## जीरकपुर की बलटाना पुलिस चौकी के बाहर आत्मदाह करने का मामला

जीरकपुर/यूटर्न/01 मई। जीरकपुर की बलटाना पुलिस चौकी के बाहर आत्मदाह करने वाली युवती को शादी का झांसा देकर रेप की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है, जिसका खिलाफ कार्रवाई को अंजाम देते हुए अदालत ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, पकड़े गए आरोपी की पहचान शोएब के रूप में हुई है, जो चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से भागने की फिराक में था। लेकिन पुलिस ने गुप्त सूचनाएं जुटाकर चंडीगढ़ के मौली जागरां से गिरफ्तार कर लिया है।

**ये है मामला :** बीते दिनों बलटाना पुलिस चौकी में आई युवती ने अपने साथ हुए दुष्कर्म और धोखे की शिकायत अधिकारियों के पास दर्ज करवाई गई, लेकिन पुलिस ने युवती की शिकायत को गंभीरता से न लेते हुए युवती को बार-बार चक्कर कटवाए। दूसरी ओर, पुलिस चौकी में तैनात एस.आई. कम इंचार्ज गुरप्रीत सिंह और जांच अधिकारी रमनदीप सिंह धालीवाल ने पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करने की जगह दुर्व्यवहार तक किया गया, जिससे परेशान होकर गत मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे युवती ने पुलिस कारगुजारी से परेशान होकर खुद पर पैट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया और हद इस कद्र हो गई कि आग की लपटों में घिरी युवती को बचाने की जगह पुलिस अधिकारी वीडियो बनाते रहे। ये आरोप युवती के भाई द्वारा लगाए गए हैं। दूसरी ओर, मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस के हाथ पांव फूल गए, जिन्होंने आनन फानन में युवती को कपड़ों में लपेटकर जी.एम.सी.एच.-32 में पहुंचाया था। लेकिन उसकी हालत को देख पी.जी.आई. रैफर कर दिया गया है, जहां युवती उपचाराधीन है। दूसरी ओर, पुलिस चौकी के बाहर रेप पीड़िता द्वारा इंसाफ न मिलने की सूरत में आत्मदाह करने का मामला मानवाधिकार विभाग के पास पहुंचा, जिसने तुरन्त इसकी जांच करते हुए मोहाली की डी.सी. सहित एस.एस.पी. को नोटिस जारी करते हुए इसकी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, पुलिस विभाग ने कार्रवाई करते हुए बलटाना पुलिस चौकी के इंचार्ज कम एस.आई. गुरप्रीत सिंह और रेप पीड़िता की शिकायत की जांच करने वाले अधिकारी रमनदीप सिंह धालीवाल को तुरन्त प्रभाव से मुअत्तल करते हुए लाइन हाजिर कर दिया है। जबकि बलटाना चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी एस.आई. सलखण सिंह को सौंप दी गई है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री और अब इंडिगो पायलट राजीव प्रताप रूडी ने जम्मू-दिल्ली फ़्लाइट में अश्विनी वैष्णव और जितेंद्र सिंह का स्वागत किया

चंडीगढ़: पूर्व केंद्रीय मंत्री और इंडिगो पायलट राजीव प्रताप रूडी ने जम्मू-दिल्ली फ़्लाइट में केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव और जितेंद्र सिंह का फ़्लाइट के अंदर ही खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने एक आम से अनाउंसमेंट को एक ऐसा यादगार पल बना दिया, जिसने सभी यात्रियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



नॉर्दर्न रेलवे ने अपने ऑफि शियल X अकाउंट पर इस घटना का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रूडी, जो पेशे से एक कमर्शियल पायलट हैं, फ़्लाइट के अनाउंसमेंट सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए फ़्लाइट में मौजूद कई बड़े नेताओं की मौजूदगी का ज़िक्र करते नजर आ रहे हैं।

रूडी ने अपने अनाउंसमेंट की शुरूआत करते हुए कहा, ₹आज हमारे साथ एक बहुत ही खास मेहमान सफर कर रहे हैं। हमारे साथ माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी सफर कर रहे हैं।₹ इसके बाद उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के तौर पर जितेंद्र सिंह भी फ़्लाइट में मौजूद हैं।

अनाउंसमेंट का सिलसिला आगे बढ़ाते हुए पायलट ने एस्टिमेट्स कमेटी के चेयरमैन संजय जायसवाल और कई सांसदों का भी स्वागत किया। इनमें मनोज तिवारी भी शामिल थे, जिन्हें रूडी ने दिल्ली की एक जानी-मानी हस्ती बताया। उन्होंने इस समूह के अन्य सदस्यों, जैसे चंदन चौहान और मनीष जायसवाल का भी ज़िक्र किया, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता था कि यह प्रतिनिधिमंडल कितना बड़ा था।

इस सफर के बारे में और जानकारी देते हुए रूडी ने बताया कि यह समूह जम्मू-कश्मीर के दौरे पर गई एक संसदीय या वैधानिक समिति का हिस्सा था। ये सभी लोग श्रीनगर से होते हुए दिल्ली जाने वाली इस फ़्लाइट में सवार हुए थे। अपने अनाउंसमेंट के आखिर में उन्होंने कहा, ₹आप सभी को दिल्ली ले जाना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372